Regarding running of long distance passenger trains from various stations of Hazaribagh Constituency

श्री मनीष जायसवाल (हज़ारीबाग) **:** महोदया, मैं सबसे पहले हज़ारीबाग लोक सभा क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझे इस सर्वोच्च सदन में चुनकर भेजा है । हज़ारीबाग और रामगढ़ जिला, दोनों इस कांस्टीच्युएंसी का निर्माण करते हैं । यहां बहुत सारी माइन्स हैं । टाटा स्टील की माइन्स यहां आपरेट होती हैं, सीसीएल की माइन्स यहां ऑपरेट होती हैं और अभी एनटीपीसी की माइन्स यहां पर ऑपरेट होनी शुरू हुई हैं । कोयले का बहुतायत परिचालन यहां से हो रहा है । हमारे जितने स्टेशन्स हैं, हज़ारीबाग स्टेशन, बरही स्टेशन, बरकाकाना स्टेशन, पतरापुर स्टेशन, रामगढ़ स्टेशन, इन सभी स्टेशन्स से दूर की पैसेंजर ट्रेन्स का परिचालन बहुत कम है । सम्माननीय रेल मंत्री जी यहां उपस्थित हैं । मैं उनका ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं कि यह लगभग 30 लाख आबादी का क्षेत्र है । बरकाकाना से रांची को जोड़ा गया है । यह कठिन रेल मार्ग है, किन्तु पहाड़ों को छेद करके इसको जोड़ा गया है । मैं इतना ही आग्रह करना चाहता हूं कि इन स्टेशन्स से लंबी दूरी की ट्रेन्स, जैसे मुंबई के लिए, दिल्ली के लिए, चेन्नई के लिए, बेंगलुरु के लिए ट्रेन्स की शुरुआत की जाए । यह अति महत्वपूर्ण है । वहां के लोगों को ऐसा महसूस होता है कि हमारे यहां रेल लाइन केवल कोयले के इवैक्युएशन के लिए है, कोयला ढोने के लिए है ।